माँ छगनी के दुलारे श्री बाबोसा भगवान

माँ छगनी के दुलारे , श्री बाबोसा भगवान
इनके नाम से जग में , हम भक्तो की पहचान
माँ छगनी के दुलारे ...

बाबोसा के चरणों से जो , भक्त करीब है
इस दुनिया मे वो , बड़े खुश नसीब है ।
वो भक्त सदा ही पाये , बाबा की कृपा से मान
इनके नाम से जग में , हम भक्तो की पहचान
माँ छगनी के दुलारे ...

अपनो से हारे जब हम , यही साथ आया
संग रहे ये हरपल , बनकर के साया
हर संकट को मिटाकर , भक्तो पे किया एहसान
इनके नाम से जग में , हम भक्तो की पहचान
माँ छगनी के दुलारे ...

करे दिल से शुक्रिया , धन्यवाद , थैंक्यू
मिले हर जन्म में बाबोसा , कहती ये रिंकु
दिलबर तुमसे ही इज्ज़त , ये शोहरत ओर सम्मान,
इनके नाम से जग में , हम भक्तो की पहचान
माँ छगनी के दुलारे ...

✍ रचनाकार ✍
दिलीप सिंह सिसोदिया
❤ दिलबर ❤
नागदा जक्शन म.प्र .

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20037/title/maa-chagni-ke-dulaare-shree-babosaa-bhgvaan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |